'साई-फाई करंडक 2017' के तीन दिवसीय ग्रैंड फिनाले का नागराज मंजुले के हाथों उद्घाटन

पुणे, २२ दिसंबर (भा.प्र.): साइबर सिक्योरिटी के बारे में जागरूकता लाने हेतु क्विक हील फाउंडेशन द्वारा पुणे साइबर पुलिस के साथ एकांकिका की अनोखा प्रतियोगिता महोत्सव प्रतिष्ठित चैंपियनशिप जीतने के लिए भरत नाट्यमंदिर में २० टीमों में होगी प्रतिस्पर्धा- प्रख्यात फिल्म और नाट्यकर्मी आलोक राजवाडे और अश्विनी गिरी ग्रैंड फ़िनाले को जज करेंगे। पुणे, २२ दिसंबर, २०१७: क्विक हील फाउंडेशन ने पुणे साइबर पुलिस के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा के विषय में जनजागरण करने हेतु एकांकिका की अनोखा प्रतियोगिता महोत्सव के ग्रैंड

फ़िनाले का उद्घाटन किया। प्रख्यात फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक नागराज मंजुले ने आज भारत नाट्य मंदिर में इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी संजय काटकर, पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और साइबर अपराध के पुलिस उपायुक्त सुधीर हिरेमठ , एक्सप्रेशन लैब के निदेशक प्रदीप वैद्यइस, जेष्ठ अभिनेता विक्रम गोखले इस अवसर पर उपस्थित थे।साइ-फाय करंडक की प्रविष्टियां सितंबर २०१७ में आमंत्रित की गई थी जिसमें पुणे, मुंबई, औरंगाबाद, कोल्हापुर, गोवा और नागपुर इन ६ केंद्रों की टीमें शामिल थी।

इस विशाल आयोजन में १०० से अधिक टीम पंजीकृत हुई और दो महीने की कठोर चयन प्रक्रिया के बाद २० टीमों ने २२ दिसंबर से २४ दिसंबर से भरत भारत नाट्य मंदिर में आयोजित होने वाली ग्रैंड फ़िनाले के लिए योग्यता प्राप्त की है।